# के.डी.न्यूज

सुलतानपुर से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

UPHIN 47497

वर्ष–01 अंक 19 सुलतानपुर शनिवार 23 नवम्बर 2024 मूल्य : दो रूपया पृष्ठ : 4


## 701 वन दरोगाओं को योगी ने दिया नियुक्तिपत्र

### कहा भाई-भतीजावाद खत्म कर सरकार कर रही निष्पक्ष-पारदर्शी भर्तियां

लखनऊ (यूएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 701 वन दरोगाओं का नियुक्ति पत्र वितरण किया। शुक्रवार को लखनऊ के लोकभवन सभागार में वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों और सरकारी प्रतिबद्धताओं को साझा करते हुए सभी नव नियुक्त वन दरोगाओं को उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया और उन्हें बधाई दी। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि सरकार प्रदेश में व्याप्त भाई–भतीजावाद को खत्म कर निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की है। सीएम योगी ने कहा कि यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष थी, जिसमें मेरिट के आधार पर युवाओं को उनके सपनों को साकार करने का मौका दिया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (ेे) की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2017 से अब तक सात लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यह पारदर्शिता और निष्पक्षता का परिणाम है कि युवाओं को बिना किसी भेदभाव के रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पहले जब उत्तर प्रदेश में कोई भर्ती निकलती थी तो महाभारत के रिश्ते एक साथ टपक पढ़ते थे। हम लोगों ने इस पूरी भर्ती की प्रक्रिया से सारे नातेदारी और रिश्तेदारी को खत्म किया है। सीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और विभाग को बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा गया कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता हमारे परिवार का हिस्सा है और कोई भी भेदभाव उनके साथ नहीं होना चाहिए, किसी भी नौजवान के साथ भेदभाव



नहीं होना चाहिए। सीएम ने कहा कि आपने देखा होगा कि सारी प्रक्रियाओं को बेहद पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जा रहा है। सीएम योगी ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि सरकार इतने पारदर्शी तरीके के साथ इस पूरे प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए आयोग और बोर्ड की मदद से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है इसलिए सरकार आपसे बेहतर पारदर्शी और निष्पक्ष कार्य की अपेक्षा भी करती है। सरकार बनते ही 2017 में हमने सभी आयोग और बोर्ड को बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा था कि भाई याद रखना नियुक्ति की प्रक्रिया में उसकी सुचिता उसके पारदर्शिता में किसी भी प्रकार का कहीं खोट नजर नहीं आना चाहिए और जो भी जिस भी स्तर पर लापरवाही होगी वहां पर जवाब देही भी सुनिश्चित होगी और उसका परिणाम है कि गत साढ़े सात वर्ष के अंदर हम 7 लाख से अधिक नौजवानों को उत्तर प्रदेश सरकार में सरकारी नौकरी देने में सफल हुए ।

## हौली में हुए विशाल सिंह हत्याकांड में परिजनों से मिलने पहुचे सदर विधायक और एमएलसी

रूद्रपुर, देवरिया। एकौना थाना क्षेत्र के हौली में विशाल सिंह हत्याकांड में सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी और एमएलसी डॉ. रतन पाल सिंह ने शुक्रवार को रूद्रपुर विधानसभा के एकौना क्षेत्र में हौली बलिया निवासी छात्र नेता स्व. विशाल सिंह श्रीनेत के परिवार से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही।विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि हत्या में शामिल अपराधी मुहम्मद राहुल अली का आपराधिक इतिहास है। उन्होंने मौके पर ही रूद्रपुर सीओ अंशुमान श्रीवास्तव और एसओजी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।कि सभी दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।शनिवार को छात्र नेता विशाल सिंह श्रीनेत को घर से बुलाकर धारदार हथियारों से हमला कर उनकी हत्या कर दी गई थी।



पुलिस ने घटना के बाद कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ में गोरखपुर निवासी एक अपराधी को गिरफ्तार किया। दोनों नेताओं ने स्व. विशाल सिंह के पिता विनीत सिंह से मिलकर संवेदना व्यक्त की और कहा कि न्याय के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।रूद्रपुर नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठे लाल निगम, मनोज सिंह, बबलू सिंह, शौर्य प्रताप समेत सैकड़ों कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे।

## बच्चों को कापी कलम मिष्ठान वितरित कर मनाया पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती



मोतीराम अड्डा गोरखापुर। चौरी चौरा विधानसभा के रामनगर करजहां में डाक्टर भीम राव अम्बेडकर एजुकेशनल एकेडमी में पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रक्षा मंत्री स्व मुलायम सिंह यादव के 85वीं जयंती उनके चित्र पर फूलमाला अर्पित व नमन कर मनाया गया। इस मौके पर संबोधित करते हुए चौरी चौरा के सपा नेता अम्बरीष यादव ने कहा कि नेताजी गरीब नौजवान किसान आदि सभी का ख्याल रखते हुए इनके हितों की लड़ाई लड़ते थे। इनके पास जो भी जाता था वह न्याय पाता था। इन्होंने कभी वर्ग विभेद नहीं किया। यह गरीबों के मसीहा थे। नेताजी की याद सभी के दिलों में बसा रहेगा। उक्त अवसर पर मनोज कुमार गौतम, बबलू अंसारी, मजीद अली, मंगरू गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## दो दिवसीय जिला बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

सुलतानपुर – 21 नवंबर–परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम।मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बच्चों के कौशल की सराहना की।चौदह विकास क्षेत्र के प्रथम स्थान हासिल किए बच्चे हुए शामिल

गुरुवार के खेल में भदैया का रहा दबदबा।

एम जी एस ग्राउंड पर चल रही खेल प्रतियोगिता

सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक अयोध्या मण्डल कौस्तुभ कुमार सिंह शुक्रवार को करेंगे तीन बजे खेल प्रतियोगिता का समापन। गौरतलब हो कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर,शहर के एम.जी.एस ग्राउंड पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय कूरेभार प्रथम की छात्राओं ज्योति दूबे, आकृति कसौधन,संध्या,व नब्या अग्रहरि द्वारा प्रस्तुत सस्वती बदना का कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा।बताते चले के पहले दिन के खेल का शुभारंभ जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार गुप्ता ,जिला सूचना अधिकारी धीरेन्द्र यादव ,कूरेभार दिलीप कुमार अन्य ब्लॉकों के खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित व्यायाम शिक्षक व कूरेभार टीम की हैड अंजना तिवारी,नीलम यादव,ललिता यादव मौजूद रही।



## सरकारी स्कूल बना मांसाहारी भोजन और मदिरा सेवन का अड्डा

रूद्रपुर देवरिया। देवरिया जिले का एक सरकारी स्कूल मांसाहारी भोजन बनाने और मदिरा सेवन का अड्डा बन गया है। विद्यालय को कुछ शिक्षकों और नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्कूल को मस्ती की पाठशाला बना दिया है। जिस सरकारी विद्यालय की रसोई घर में छात्र–छात्राओं के लिए मिड डे मील के रूप में शुद्ध शाकाहारी भोजन पकता है।वहां अब मांसाहारी भोजन पक रहा है। और शराब की बोतलें दिखाई दे रही हैं।प्रधानाध्यापक कक्ष में कुर्सियों पर कई शिक्षक और नगर पंचायत अध्यक्ष भी बैठे नजर आ रहे हैं। वहीं इस करतूत का हेतिमपुर नगर पंचायत के एक सभासद ने वीडियो बना लिया। जो सामने आया है। देवरिया के हेतिमपुर नगर पंचायत में स्थित परिषदीय कंपोजिट विद्यालय का विडियो सामने आया है। इसमें विद्यालय के कुछ शिक्षक और नगर पंचायत हेतिमपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव कुछ साथियों के साथ रात में विद्यालय में मटन की एक पार्टी कर रहे हैं। विडियो में शराब की बोतलें भी दिखाई दे रही हैं।वीडियो में लग रहा है।कि यह जगह बच्चों की पाठशाला नहीं बल्कि गुरुजी और उनके साथियों की मस्ती की पाठशाला है। यह वीडियो विद्यालय की छुट्टी होने के बाद का है। बताते चलें कि इस कंपोजिट विद्यालय में 17 शिक्षकों की नियुक्ति है। और लगभग 360 छात्र–छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। यहां के स्थानीय लोगों की मानें तो इस विद्यालय में स्कूल की छुट्टी होने के बाद आए दिन ये लोग शराब और मुर्गा की पार्टी करते हैं।और इनको रोकने वाला कोई नहीं है।

वहीं इस पूरे मामले पर जब अधिकारियों से बात की गई तो जांच करने की बात कही गई। प्रधानाध्यापिका का कहना है।कि मैं चाबी नगर पंचायत अध्यक्ष को उनके मांगने पर देकर गई थी।इस स्कूल में कुछ काम होने वाला था। सीडीओ प्रत्युष पांडेय ने बताया कि प्रकरण उनके संज्ञान में आया है। टीम गठित कर जांच कराई जा रही है। डिटेल्स आ जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## छापेमारी में डीजल व पेट्रोल की अवैध बिक्री की पुष्टि

### पूर्ति अधिकारी ने कार्यवाही के लिए उच्चाधिकारी को पत्र लिखा



पीपीगंज अकटहवा। पीपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अकटहवा टोला छोटी सेनुरी में शिकायत के आधार पर पूर्ति अधिकारी कैम्पियरगंज ने अपनी टीम के साथ 10 नवम्बर को छापा मारा था। जिसमें ग्राम सभा अकटहवा टोला छोटी सेनुरी निवासी महेंद्र पुत्र अनन्त को रंगेहाथ डीजल बेचते हुए पकड़ा था और महेंद्र के घर से 30 लीटर डीजल व पेट्रोल बरामद किया था। बरामद डीजल व पेट्रोल को जब्त कर लिया था। पूर्ति अधिकारी ने उच्चाधिकारी को विधिक कार्यवाही के लिए पत्र लिखकर क्षेत्र में अवैध रूप से बेचे जा रहे डीजल व पेट्रोल की बिक्री पर करारा तमाचा जड़ा है। बातचीत में पूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसी भी कीमत पर डीजल व पेट्रोल की बिक्री नहीं होने देंगे। डीजल व पेट्रोल की अवैध बिक्री करने वालों पर मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

## छब्बीस वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गगहा संवाद । गगहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोठा निवासी छब्बीस वर्षीय राजन सहानी पुत्र राजू ने घर के सामने वृहस्पतिवार रात में शौचालय के बगल बेल के पेड़ में दुपट्टा का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतक की मां इसके पैदा होते ही मर गयी थी। यह ज्यादातर अपने ननिहाल अपने मामा राजेन्द्र सहानी ग्राम नवऊर थाना खोराबार रहकर मोटर मैकेनिक का कार्य करता था। पिता बम्बई में रहता इसके मां के मरने के बाद दुसरी शादी किया था जिसके दो जवान बेटे हैं, जो घर ही रहते हैं। मामा राजेन्द्र सहानी ने बताया इसके सिर में कोई सुजन था जिसकी दवा गोरखपुर एक निजी अस्पताल से चलता था। डा0 का कहना था कि कोई विशेष बात नहीं है ठिक हो जायेगा। मृतक ननिहाल से वृहस्पतिवार को ही घर आया था।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ट्रक से मारी टेम्पो को टक्कर, चालक समेत दो की मौत पांच गंभीर

सुलतानपुर । पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए एक हादसे में एक ट्रक ने टेम्पो में टक्कर मार दी हादसे में चालक समेत एक लड़की आँचल दूबे (उम्र17) निवासी नरायनपुर की मौत हो जाने की सूचना प्राप्त हुई। साथ ही छह सवारी घायल हो गई। जयसिंहपुर कोतवाली के पीढ़ी बिझुरी मार्ग पर परसा गांव के पास ट्रक ने टेम्पो को टक्कर मार दी इसमें चालक समेत सात लोग घायल हो गए राजकीय मेडिकल कॉलेज में चालक को मृत घोषित कर दिया। छह लोगो की हालत गंभीर है । जानकारी के मुताबिक कुड़वार थाना के राजापुर गांव निवासी नीतू दूबे शक्ति दूबे आंचल दुबे व जयसिंहपुर कोतवाली के नरायनपुर गांव निवासी अनिल कुमार उज्ज्वल ज्योति जयसिंहपुर कोतवाली के बिझुरी महमूदपुर गांव में तिलक समारोह में आए थे। शुक्रवार की सुबह 11बजे एक टेम्पो से सभी घर वापस जा रहे थे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक रोड पर परसा गांव के पास पीढ़ी बिझुरी मार्ग पर टेम्पो को सेमरी की ओर से आ रही एक ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से टेम्पो सड़क किनारे नीचे खाई में जा गिरी टेम्पो में सवार चालक समेत सभी लोग गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से डायल 112 पुलिस ने सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गई। यहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। चालक की पहचान गोसाईगंज थाना के पांडेयपुर गांव निवासी शशिकांत पाण्डेय के रूप में हुईध। घायलों की हालत गंभीर है। जिसमे एक महिला निवासी नरायनपुर की हालत ज्यादा नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक रोड को जाम कर दिया। सूचना पर जयसिंहपुर कोतवाली व मोतिगरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची कोतवाल अनिरुद्ध सिंह ने जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण नहीं माने। जयसिंहपुर एसडीएम संतोष ओझा व जयसिंहपुर क्षेत्राधिकारी रमेश मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक रोड और पीढ़ी बिझुरी मार्ग पर ब्रेकर बनाने की मांग की। एसडीएम के आश्वाशन पर ग्रामीण माने और जाम को खुलवाया गया। जयसिंहपुर कोतवाल अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रैफिक जाम करने की कोई तहरीर नहीं मिली है। प्रार्थना पत्र मिलने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




## अच्छा स्वास्थ्य व अच्छी समझ जीवन के दो सर्वोत्तम वरदान हैं।– एडी बेसिक

सुलतानपुर रंगारंग कार्यक्रम के साथ दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का एडी बेसिक अयोध्या मण्डल ने किया समापन।बच्चों ने जमकर बहाया पसीना और दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन। एडी बेसिक ने बच्चों को तरासने वाले शिक्षकों, अभिभावकों की तारीफ। विकास क्षेत्र भदैया को मिली आल ओवर चौंपियन ट्रॉफी।उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में अनुपम यादव लम्भुआ व बालिका वर्ग में प्रियंका जयसिंहपुर रहे चौम्पियन। प्राथमिक विद्यालय स्तर बालक फरहान जयसिंहपुर वर्ग में व बालिका वर्ग में स्वीकृति यादव करौंदी कला रहे चौम्पियन

भदैया 225अंक धनपतगंज 162अंक व जयसिंहपुर 82अंक प्राप्त किया।एम जी एस ग्राउंड पर आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता। खबर विस्तार से।सुल्तानपुर जनपद के परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थी अब पढ़ाई के साथ खेल में भी निपुण होंगे। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के खेलो इंडिया–फिट इंडिया अभियान को जिले के परिषदीय विद्यालयों में गति प्रदान की जा रही है। यह बातें कौस्तुभ कुमार सिंह ए डी बेसिक अयोध्या मण्डल अयोध्या ने खेल की महत्ता को रेखांकित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने देश के नवयुवकों को कहा था–"मेरे नवयुवक मित्रों। बलवान बनों। तुमको मेरी यह सलाह है। गीता को पढ़ने के साथ ही साथ युवकों को खेल भी खेलना चाहिए।" इस कथन से स्पष्ट है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास संभव है और शरीर को स्वस्थ तथा मजबूत बनाने के लिए खेल अनिवार्य है। 'अच्छा स्वास्थ्य एवं अच्छी समझ जीवन के दो सर्वोत्तम वरदान हैं।' साथ ही उन्होंने बताया कि आज हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की चिंता है। वह चाहता है कि स्वस्थ रहकर जीवन बिताएं और बीमारियां दूर भगाएं स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम, योग पीटी प्राणायाम, संतुलित पोषक–आहार आदि तो महत्वपूर्ण घटक हैं ही, इसके अलावा खेल भी बहुत महत्वपूर्ण है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ ही साथ खेल में भी बच्चों को रुचि रखते हुए शिक्षकों को बच्चों को तराशना चाहिए आज इस खेल प्रतिस्पर्धा में कोई अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीता दूसरे नंबर पर रहने वाले का प्रदर्शन कमजोर रहा आगे चलकर और मेहनत करेंगे तो आप भी प्रथम स्थान निश्चित रूप से प्राप्त करेंगे नन्हे मुन्ने बच्चों ने जो खेल प्रतिभा दिखाई उसे देख कर मैं बहुत ही खुश हूं और आशा करता हूं कि हम सबके बच्चे मण्डल व स्टेट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय, विकास क्षेत्र जनपद व मण्डल का नाम रोशन करेंगे। सदस्य उच्च शिक्षा आयोग विनोद सिंह व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा अमित मोहन मिश्रा ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते हुए आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया। खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक जिला सूचना अधिकारी धीरेन्द्र यादव, डी आई ओ एस जटाशंकर यादव ने बच्चों को पुरस्कृत किया था बच्चों को पुरस्कृत करते हुए सी डी ओ ने कहा कि बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया है हम चाहते हैं कि प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक बच्चों की प्रतिभाओं को देखते हुए उन्हें आगे लाएं। द्वितीय दिवस प्रातः कालीन सत्र में बी एस ए ने एम एल सी शैलेन्द्र प्रताप सिंह को प्रतीक चिन्ह अंगवस्त्र माल्यार्पण भेंटकर सम्मानित किया एम एल सी ने बच्चों को पुरस्कृत किया उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन बेसिक विद्यालयों की गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ ही साथ खेलकूद पर ध्यान केंद्रित किया है उसी के अंतर्गत स्पोर्ट्स ग्रांट विद्यालयों में भेजु जा रही है आप सभी बच्चों की प्रतिभा को निखारे और उन्हें एक प्लेट फार्म दें जिससे वो अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। खेलकूद प्रतियोगिता में जूनियर बालक संवर्ग में जूनियर संवर्ग 100 मी बालक में बल्दीराय के अरमान को प्रथम, पी पी कमायचा के किशन साहू को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ ।जूनियर बालक 200 मी प्रतियोगिता में लंभुआ के अनुपम यादव प्रथम, पीयूष यादव धनपतगंज के द्वितीय स्थान प्राप्त किया जूनियर बालक 400 मीटर में शिवम कूरेभार प्रथम स्थान भदैया के मोहम्मद अनस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।। दौड़ 600 मीटर जूनियर बालक में साहिल भदैया को प्रथम स्थान, और दुबेपुर के रवि प्रजापति को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ ।।




बालक वर्ग जूनियर के गोला फेक एवं चक्का फेक में कूरेभार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,पीपी कमैचा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।। जूनियर बालक कबड्डी में प्रथम एवं दोस्तपुर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।। टेबल टेनिस में दुबेपुर प्रथम, भदैया को द्वितीय तथा जयसिंहपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।।

ताइक्वांडो में भदैया को प्रथम एवं धनपतगंज को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।जूनियर बालिका संवर्ग में 100 मी दौड़ मे पीपी कमैचा की आंचल का प्रथम स्थान, लंभुआ की हिना को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ । 200 मी बालिका दौड़ में पीपी कमैचा की आंचल को प्रथम एवं बल्दीराय की साधना को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।। 400 मी बालिका दौड़ में कुड़वार की अनुश्री मिश्रा प्रथम पीपी कमैचा की एलिना बानो को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ ।। 600 मी बालिका दौड़ में कुड़वार की अनुश्री मिश्रा प्रथम एवं जयसिंहपुर की प्रियंका को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।। गोला फेक में जयसिंहपुर की प्रियंका तथा लंभुआ की प्रियंका दूसरे स्थान पर रही ।। चक्का फेक बालिका वर्ग में खुशबू यादव कुड़वार की प्रथम तथा जयसिंहपुर की प्रियंका दूसरे स्थान पर रही ।।जिमनास्टिक में भदैया को प्रथम तथा जयसिंहपुर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ ।। जूडो और कुश्ती के विभिन्न संवर्ग में धनपतगंज को प्रथम तथा भदैया को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।। बालिका संवर्ग की अंताक्षरी में भदैया को प्रथम, जयसिंहपुर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ ताइक्वांडो में भदैया प्रथम एवं धनपतगंज को द्वितीय स्थान प्राप्त किया।। समूह गान बालिका में मोतिगरपुर का प्रथम और भदैया को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।। एकांकी में दोस्तपुर प्रथम, मोतिगरपुर द्वितीय भदैया तृतीय स्थान प्राप्त किया

लोकगीत में कूरेभार ने प्रथम , भदैया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।। पी टी विशेष प्रदर्शन में कूरेभार ने प्रथम जयसिंहपुर में द्वितीय दोस्तपुर ने स्थान प्राप्त किया।। योगा बालिका वर्ग में बल्दीरा प्रथम कुड़वार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।। खेल प्रतियोगिता में समस्त बी ई ओ व शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ ही साथ प्रमेंद्र विक्रम सिंह मालती सिंह राहुल तिवारी श्रद्धा सिंह अनुपम शुक्ल आशुतोष मुनेंद्र मिश्रा अकबाल खां के के सिंह कलहूपाल अनिल यादव मनोज मौर्य पंकज सिंह ओ पी कनौजिया बृजेश सिंह सारिका समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

